नवभारत
भोपाल, बुधवार 17 जून 2026

मीनाक्षी के समर्थन में कांग्रेस का प्रदर्शन

▶ भाजपा कार्यालय का किया घेराव

नवभारत न्यूज

हरदा, 16 जून. **कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को महिला कांग्रेस और एनएसयूआई ने शहर में प्रदर्शन किया. अंबेडकर चौक से शुरू हुई रैली भाजपा कार्यालय तक पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध जताया.**

प्रदर्शन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सांकेतिक पुतले को जंजीरों और बेड़ियों में बांधकर भाजपा कार्यालय तक ले जाया गया. भाजपा कार्यालय के बाहर पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के कारण प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की और बहस की स्थिति भी बनी. कुछ कार्यकर्ता बैरिकेड पार कर कार्यालय के सामने पहुंच गए और सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया. कांग्रेस नेताओं ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतंत्र और संविधान के विरुद्ध बताते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए. महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिला ठाकुर, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल और जिला प्रभारी रचना जैन ने भाजपा पर महिला नेतृत्व को रोकने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया. विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीर आघात है. कांग्रेस लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हर प्रयास का विरोध करती रहेगी. प्रदर्शन में कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे.

शासकीय भूमि से हटाए गए अवैध ढाबे

नवभारत न्यूज़

इटारसी , 16 जून . **कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर सोहागपुर तहसील के ग्राम बम्होरीखुर्द में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए पक्के अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. अभियान के दौरान अवैध ढाबों सहित अन्य स्थायी निर्माणों को जेसीबी मशीन की मदद से हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया.**

राजस्व अभिलेखों के अनुसार ग्राम बम्होरीखुर्द की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 272 एवं 291 पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था. जांच में पाया गया कि अमित चौरसिया द्वारा लगभग 0.040 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर ढाबा बनाकर अतिक्रमण किया गया था. न्यायालयीन आदेश के बाद उक्त निर्माण को हटाया गया.

इसी प्रकार खसरा क्रमांक 272 की करीब 3300 वर्गफुट शासकीय भूमि पर महेंद्र सिंह द्वारा संचालित 'अविनाश ढाबा' का पक्का निर्माण भी अवैध पाया गया.

प्रशासन ने आदेश के अनुपालन में ढाबे को हटाकर भूमि को शासन के कब्जे में लिया. कार्रवाई के दौरान तहसीलदार रामकिशोर झरवाड़े, नायब तहसीलदार रंजीत चौहान, राजस्व अमला और पुलिस बल मौजूद रहा. अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दोनों अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई पूरी कराई. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. ऐसे मामलों में मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी निरंतर चलाया जाएगा.

एक नजर में

केन-बैरल में डीजल नहीं मिलने से किसान परेशान

सिवनी मालवा, 16 जून . तहसील क्षेत्र में किसानों को केन और बैरल में डीजल नहीं मिलने से कृषि कार्य प्रभावित होने लगे हैं. किसानों की बढ़ती परेशानियों को देखते हुए नगर कांग्रेस ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की. कांग्रेस नेताओं ने बताया कि 11 जून को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना जारी होने के बाद कई पेट्रोल पंप संचालक किसानों को केन अथवा बैरल में डीजल देने से इंकार कर रहे हैं. इससे खेतों में चल रहे कृषि कार्यों पर असर पड़ रहा है. ज्ञापन में कहा गया कि मानसून पूर्व खेतों की तैयारी, जुताई तथा मूंग फसल की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है. ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों के संचालन के लिए पर्याप्त डीजल की आवश्यकता होती है, लेकिन इन मशीनों को बार-बार पेट्रोल पंप तक ले जाना व्यावहारिक नहीं है. कांग्रेस ने बताया कि सिवनी मालवा के कई गांव पेट्रोल पंपों से 50 से 60 किलोमीटर दूर स्थित हैं. ऐसे में किसानों को डीजल लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे समय, श्रम और अतिरिक्त खर्च बढ़ रहा है. ट्रैक्टरों की सीमित टंकी क्षमता के कारण किसानों को बार-बार पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने कहा कि अधिसूचना में एक उपभोक्ता को प्रतिदिन 200 लीटर तक डीजल देने का प्रावधान है. ऐसे में आवश्यक पहचान दस्तावेजों के आधार पर किसानों को केन और बैरल में डीजल उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि कृषि कार्य बाधित न हों.

वर्षों से लंबित मामलों का हुआ त्वरित निराकरण

नर्मदापुरम,16 जून. थाना कोतवाली में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया. इस दौरान एसडीओपी जितेंद्र पाठक एवं थाना प्रभारी गौरव बुंदेला सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा. जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की शिकायतें बारी-बारी से सुनी गईं और कई वर्षों से लंबित मामलों का भी निराकरण किया गया. पुलिस अधिकारियों ने धोखाधड़ी, मारपीट एवं महिला संबंधी शिकायतों सहित विभिन्न प्रकरणों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए त्वरित कार्रवाई की. एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य पुराने और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है. थाना प्रभारी गौरव बुंदेला ने कहा कि पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता जनता का विश्वास बनाए रखना है.

जनकल्याण शिविर में प्रमाण पत्र वितरित

इटारसी , 16 जून. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में पिपरिया नगर पालिका परिषद परिसर में ब्लॉक स्तरीय जनकल्याण शिविर आयोजित किया जा रहा है. यह शिविर 15 से 18 जून तक विशेष अभियान के तहत संचालित किया जा रहा है. मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया ने बताया कि शिविर में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है. आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नल-जल योजना, एनआरएलएम, कृषि एवं स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है.

प्रत्येक स्कूल को 50 सीड बॉल का लक्ष्य

▶ विद्यालयों में बनेंगे सीड बॉल

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 16 जून. **पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में सीड बॉल निर्माण अभियान शुरू किया गया है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिला शिक्षा केंद्र द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों और कार्यालयों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है. इसके तहत प्रत्येक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय को कम से कम 50 सीड बॉल तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है.**

जिला शिक्षा केंद्र ने सभी बीआरसीसी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं. तैयार किए गए सीड बॉल वर्षा ऋतु के दौरान चयनित क्षेत्रों में फैलाए जाएंगे, ताकि प्राकृतिक रूप से पौधों का विकास हो सके और हरियाली बढ़े. सीड बॉल मिट्टी, जैविक खाद और बीजों से तैयार किए जाते हैं.

इनमें नीम, पीपल, बबूल, जामुन जैसी देशी प्रजातियों के बीज डाले जाते हैं. बारिश के दौरान ये बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं, जिससे कम लागत में अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण संभव हो पाता है. सीड बॉल तैयार करने के लिए 5 भाग मिट्टी, 3 भाग कम्पोस्ट खाद और 1 भाग बीज मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है. इसके छोटे-छोटे गोले बनाकर 2 से 3 दिन तक छाया में सुखाया जाता है. इसके बाद इन्हें रोपण योग्य क्षेत्रों में फैलाया जाता है.

दुष्कर्म करने का आरोपी को 20 साल की सजा

नर्मदापुरम, 16 जून. नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो अधिनियम, इटारसी ने आरोपी मुकेश उर्फ अजय को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 4 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है. न्यायालय ने पीड़िता को 2 लाख रुपये प्रतिकर दिए जाने की भी अनुशंसा की है. प्रकरण में सहायक निदेशक अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि अभियुक्त द्वारा अभियोक्त्रि जो कि घटना को 17 वर्ष की थी उसके माता पिता की सहमति के बिना बहला फुसला कर हैदराबाद के आगे हुसैनपुरा ले गया.

गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 16 जून. **गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार से जिले के सरकारी और निजी विद्यालयों में फिर से चहल-पहल लौट आई. मई माह से बंद पड़े स्कूलों के परिसर, मैदान और उद्यान विद्यार्थियों की आवाजाही से एक बार फिर गुलजार हो गए. नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला.**

प्रदेश सरकार के 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया. कई स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों को फूल-मालाएं पहनाकर और तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया. नए सत्र के पहले दिन बच्चों में नई किताबों, नए मित्रों और नई कक्षाओं को लेकर उत्सुकता दिखाई दी. हालांकि जिले के कुछ सरकारी विद्यालय अब भी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं. कई स्कूल भवन जर्जर अवस्था में हैं, जहां बारिश के दौरान छत से पानी टपकने की समस्या बनी रह सकती है. स्कूल खुलने से पहले हुए निरीक्षण में कुछ विद्यालय परिसरों में सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली और कचरे के ढेर नजर आए. इसके बावजूद जिले के कई सरकारी विद्यालय ऐसे भी हैं, जहां बेहतर शैक्षणिक और भौतिक सुविधाएं उपलब्ध हैं. इन विद्यालयों की व्यवस्थाएं निजी स्कूलों को भी कड़ी टक्कर देती दिखाई दे रही हैं. शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके. नए सत्र की शुरुआत के साथ शिक्षा गतिविधियां भी अब पूरी तरह गति पकड़ने लगी हैं.

सुब्रतो कप के लिए रवाना हुई बालिका फुटबॉल टीम

पिपरिया. सांदीपनि आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय की अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम राज्य स्तरीय सुब्रतो कप प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए उमरिया रवाना हुई. टीम के चयन से विद्यालय और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है. टीम में शामिल खिलाड़ी पूर्व में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं. विगत वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाली आफरीन, मोहिनी और आकांक्षा सहित अन्य खिलाड़ी टीम की प्रमुख ताकत मानी जा रही हैं. टीम कोच प्रीतम सिंह पुर्विया और टीम मैनेजर शिवानी सप्रे के नेतृत्व में खिलाड़ियों का दल प्रतियोगिता के लिए रवाना हुआ.

सत्य आचरण ही सत्यनारायण की सच्ची पूजा

▶ जगन्नाथ मंदिर प्रवचन माला का समापन

नर्मदापुरम, 16 जून. अपने कार्य को निष्ठा के साथ करना और जीवन में सत्य का आचरण करना ही सत्य नारायण भगवान की सच्ची पूजा है. यह बात पं. प्रमोद शर्मा ने सोमवार को जगन्नाथ मंदिर में आयोजित प्रवचन माला के समापन अवसर पर कही.

भगवान सत्य नारायण की कथा के संकेत और जीवन में प्रासंगिकता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सत्य नारायण भगवान की में प्रथम एक लकड़हारे की कथा है. लकड़हारा समाज के श्रमिक वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है. वह कष्ट में है, लेकिन जैसे ही उसके जीवन में भगवान की पूजन का संकल्प आता है, उसके जीवन में बदलाव आ जाता है, कार्य के प्रति निष्ठा भी जागती है और जीवन में मंगल होता है. कथा में दूसरा और प्रमुख पत्र साधु बनिया और उसकी पुत्री है. यह यह सामान्य गृहस्थ और व्यवसायी परिवार का प्रतिनिधित्व करता है. वे बार बार असत्य भाषण करता है और संकटों से घिरता है. संदेश यह है कि हमें जीवन में सदैव सत्य ही बोलना चाहिए. कथा में तीसरा संवाद एक राजा का है, जो अपने कर्तव्य से विमुख होता है और कष्ट झेलता है. सम्पूर्ण कथा का सार संदेश यह है कि जीवन से अपने कर्तव्यों का पालन करना, सत्य का अनुसरण करना और समाज को ही परिवार मानना. ज्ञात रहे कि जगन्नाथ मंदिर में संपूर्ण पुरुषोत्तम माह सराय नारायण कथाओं का आयोजन किया गया, जिसमें तीन सौ से अधिक परिवारों के कथाएं की. कार्यक्रम का समापन खाटू श्याम संध्या और भंडारे से साथ हुआ.

नपा ने पुरानी टंकी की डिस्मेंटल की नई टंकी बनाने की राह आसान

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 16 जून. **वार्ड क्रमांक 06 में बेकार पड़ी विशालकाय पानी की टंकी को तोड़ दिया गया है. नई पानी की टंकी बनाने की राह आसान हो गई है. जल्द ही नई पानी की टंकी का निर्माण कर उक्त स्थान से बाजार क्षेत्र में पेयजल सप्लाई निर्बाध रूप से की जाएगी. जिससे बाजार क्षेत्र में भरपूर पेयजल उपलब्ध रहेगा.**

वार्ड पार्षद राजेंद्र ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले एवं पेयजल शाखा प्रभारी आयुषी रिछारिया के निर्देशन में नई पानी की टंकी बनाने के लिए पुरानी पानी की टंकी को डिस्मेंटल किया गया है. जल्द ही मलवा हटाया जाएगा. पार्षद उपाध्याय ने नपाध्यक्ष यादव, सीएमओ पटले, शाखा प्रभारी का आभार व्यक्त किया है.

मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 16 जून. **शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर ऑफलाइन सेंसटाइजेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं नोडल अधिकारियों ने भाग लिया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग डॉ. मथुरा प्रसाद रहे. विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मनोज सिंह, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. कामिनी जैन, डॉ. आर.के. चौकसे, चित्रा हर्णे एवं रुचि अग्निहोत्री शामिल रहीं. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ. डॉ. मथुरा प्रसाद ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है. ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज में भावनात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने इसे आत्महत्या रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में प्रभावी पहल बताया.

रेलवे अस्पताल ने निकाली जागरूकता रैली

पिपरिया. विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रेलवे अस्पताल एवं रेलवे स्टेशन परिसर में रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान सुरक्षित रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए स्वस्थ और सुरक्षित समाज निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया. अभियान के तहत रैली निकालकर यात्रियों, कर्मचारियों और नागरिकों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया गया. रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे ने कहा कि रक्तदान महादान है. दुर्घटना, प्रसूति, थैलेसीमिया और गंभीर बीमारियों के मरीजों को समय पर रक्त मिलने से जीवन बचाया जा सकता है.

मेला आम महोत्सव में दुर्लभ प्रजातियों ने मोहा मन, पर्यटकों और किसानों की उमड़ी भीड़

पचमढ़ी में सजा आमों का रंग-बिरंगा संसार

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 16 जून. **पर्यटन नगरी पचमढ़ी के ऐतिहासिक बाइसन लॉज में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय आम महोत्सव में आम की दुर्लभ, उन्नत और पारंपरिक प्रजातियों ने पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों का मन मोह लिया.**

जिला प्रशासन और उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महोत्सव का उद्देश्य किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, आम उत्पादन को बढ़ावा देना तथा कृषि संस्कृति को पर्यटन से जोड़ना रहा. महोत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों और बागवानों ने अपने बगीचों के उत्कृष्ट आमों की प्रदर्शनी लगाई. प्रदर्शनी में आम्रपाली, अल्फांसो, केसर, चौसा, लंगड़ा, दशहरी, मल्लिका, तोतापरी, हिमसागर, बादामी, सफेदा, मालगोआ और स्थानीय देसी किस्मों सहित अनेक प्रजातियां आकर्षण का केंद्र रहीं.

पर्यटकों और आम प्रेमियों ने विभिन्न किस्मों के आमों का स्वाद लेने के साथ उनकी खरीदारी भी की. रंग, स्वाद और सुगंध से भरपूर आमों की विविधता ने महोत्सव को खास बना दिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय लेडवानी, पवन झा, संजीव जायसवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की उप संचालक रीता उईके ने किसानों को विभागीय योजनाओं, फलोत्पादन और बागवानी के महत्व की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पचमढ़ी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर इस तरह के आयोजन किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ते हैं और स्थानीय कृषि उत्पादों को नई पहचान दिलाते हैं. साथ ही पर्यटकों को क्षेत्र की समृद्ध बागवानी परंपरा और कृषि संस्कृति को करीब से जानने का अवसर भी मिलता है.

सोमवती अमावस्या पर नर्मदा घाटों में उमड़ा आस्था का सैलाब

पिपरिया. सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर शांडिल्य ऋषि की तपोभूमि साडिया सहित क्षेत्र के विभिन्न नर्मदा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा. सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने नर्मदा स्नान कर पूजा-अर्चना की और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया.

बाजार घाट, सीताराम घाट, सिवनी घाट, मांगरोल घाट, माछा घाट और खैरा घाट सहित विभिन्न घाटों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही. स्नान और आरती के बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की.

कुसुम महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा, 16 जून. **विश्व पर्यावरण दिवस और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्य चल रहे जनकल्याणकारी विशेष अभियान के तहत शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया. राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया गया.**

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के संरक्षण में आयोजित अभियान के दौरान परिसर की साफ-सफाई की गई. वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का आधार है तथा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखे. वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.के. यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता हमें विभिन्न बीमारियों से बचाती है और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है. उन्होंने कहा कि नियमित साफ-सफाई से संक्रमण फैलाने वाले कीटाणुओं और वायरस पर नियंत्रण पाया जा सकता है. कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मोहन सिंह गुर्जर और क्रीड़ा अधिकारी सोमेश सिंह राठौर का विशेष योगदान रहा. अभियान में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया.